भारत सरकार

कारपोरेट कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या - 86

(जिसका उत्तर गुरुवार, 05 दिसंबर, 2013/14 अग्रहायण, 1935 (शक) को दिया गया)

<u>एसएफआईओ द्वारा जांच</u>

86. श्री कीर्ति आजाद:

क्या **कारपोरेट कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्तमान में गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय (एसएफआईओ) द्वारा दिल्ली में जांच किए जा रहे मामलों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार एसएफआईओ द्वारा मामले के निपटान किए जाने की गति से संतुष्ट है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या सरकार का विचार एसएफआईओ के कार्यकरण में सुधार करने और इसे सांविधिक मान्यता देने का है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कारपोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री सचिन पायलट)

(क): इस समय गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय द्वारा दिल्ली से संबंधित जिन मामलों की जांच की जा रही है, उनका ब्यौरा अनुलग्नक-I के रूप में संलग्न है।

(ख) और (ग): गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय द्वारा की गई जांचों की मंत्रालय में निगरानी की जाती है और जहां आवश्यक हो वहां उपयुक्त अनुदेश दिए जाते हैं और समुचित सहायता उपलब्ध कराई जाती है।

(घ) और (ड.): हाल ही में अधिनियमित कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत एसएफआईओ को सांविधिक दर्जा प्रदान किया गया है। कंपनी अधिनियम, 2013 के विभिन्न अन्य प्रावधान गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय को और अधिक प्रभावी जांच करने में समर्थ बनाएंगे। एसएफआईओ के कार्य संचालन में सुधार हेतु प्रौद्योगिकी और कुशल लोगों को लाने हेतु भी कदम उठाए गए हैं।

*****

<u>अनुलग्नक-I</u>

<u>एसएफआईओ द्वारा जांच से संबंधित दिनांक 05 दिसंबर, 2013 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 86 के उत्तर के भाग (क) में उल्लिखित विवरण</u>

क्र.सं.	कंपनी का नाम
1.	बैजिल इंटरनेशनल लि.
2.	वमशी केमिकल्स लि.
3.	अप्पलाईन कॉस्मेटिक्स एवं टॉयलेट्रिस लि.
4.	बैजिल एक्सप्रेस लि.
5.	वैष्णवी कारपोरेट कम्युनिकेशन्स प्रा.लि.
6.	वैष्णवी एडवायजरी सर्विसेस प्रा.लि.
7.	लेजर क्लब्स इंडिया प्रा. लि.
8.	कालरो कंसलटेंसी प्रा.लि.
9.	मैजिक एयरलाइन्स प्रा. लि.
10.	मानसी एग्रो प्रा. लि.
11.	क्राउनमार्ट इंटरनेशनल इंडिया प्रा. लि.
12.	विट्कॉम कंसल्टिंग प्रा.लि.
13.	एबीडब्ल्यू इंफ्राक्ट्रक्चर लि.
14.	एल्केमिस्ट इंफ्रा रियल्टी लि.
15.	केएनएस इंफोकॉम प्रा. लि.
16.	एनकेएस होल्डिंग प्रा.लि.
17.	श्री निवास लिजिंग एंड फाइनेंस लि.
18.	सीतल होल्डिंग्स प्रा.लि. (पहले क्वालिटी साइबर टेक प्रा. लि. के नाम से जानी जाती थी)
19.	अवैल फाइनेंसियल सर्विसेज प्रा.लि.
20.	केयरवैल एक्जिम प्रा.लि.
21.	सोलोमॉम होल्डिंग्स प्रा.लि.
22.	लेजेंड इंफोवेज प्रा.लि.
23.	उत्सव सिक्युरिटिज प्रा.लि.
24.	एक्वारिस फिनकैप एंड क्रेडिट्स प्रा.लि.
25.	शालिनी होल्डिंग्स लि.

*****